卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐 卐 जय बाबा की 卐 卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा !! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा !! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 106 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦21 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बृजभूषण पर गिरी गाज, पहवानों का धरना समाप्त

### पूरे मामले की जांच के लिए निरीक्षण समिति बनाने का ऐलान

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवानों ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से बातचीत के बाद शुक्रवार देर रात विरोध प्रदर्शन खत्म कर दिया। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए एक निरीक्षण समिति बनाने का ऐलान किया है। इस समिति को चार हफ्ते में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपनी होगी। इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार अंतिम फैसला लेगी। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के साथ बैठक की। बैठक के बाद केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बैठक



के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी मांगें रखीं और हमने इस पर चर्चा की। हमने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) को नोटिस जारी किया था, जब आरोप लगाए गए थे और उन्हें 72 घंटे के भीतर जवाब देने के लिए कहा था। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि एक निरीक्षण समिति का गठन किया जाएगा। समिति चार सप्ताह में अपनी जांच पूरी करेगी और डब्ल्यूएफआई और उसके प्रमुख के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों की गहन जांच करेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण सिंह निरीक्षण समिति द्वारा जांच पूरी होने तक चार सप्ताह के लिए भारतीय कुश्ती संघ से अलग हो जाएंगे और वह जांच में शामिल होंगे। जांच पूरी होने तक डब्ल्यूएफआई की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर एक समिति नजर रखेगी। निगरानी समिति उनके खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करेगी। मामले की जांच होने तक न सिर्फ (शेष पृष्ठ सात पर)

## जम्मू के नरवाल में दो बम धमाके, छह घायल

जम्मू-कश्मीर(उद ब्यूरो)। जम्मू के नरवाल इलाके में आतंकियों ने शनिवार सुबह हमला कर दिया। इलाके में दो धमाके हुए। विस्फोट में 6 लोग जख्मी हुए हैं। जम्मू के एडीजीपी मुकेश सिंह ने कहा कि जम्मू के नरवाल इलाके में दोहरे विस्फोट में छह लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। सभी घायलों को जीएमसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ वरिष्ठ



पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और आगे की जांच चल रही है। इन घायलों में 35 वर्षीय सोहेल कुमार, 26 वर्षीय सुशील कुमार, 25 वर्षीय विशप प्रताप, 52 वर्षीय विनोद कुमार, 25 वर्षीय अरुण कुमार, 40 वर्षीय अमित (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाइक-कार की भिड़ंत में युवा व्यापारी की मौत

रूद्रपुर(उद संवादाता)। कार और बाइक की भिड़ंत में शहर के युवा व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गयी। जिससे उसके परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक 30 वर्षीय सचिन अरोरा इलाहाबाद बैंक गली में स्थित एक टेलीकॉम की दुकान में मोबाइल बैटरी का काम करता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात वह अपने माता पिता से मिलने इंदिरा कालोनी गया था और बाइक से खेड़ा अपनी ससुराल जा रहा था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खेड़ा स्थित ससुराल में ही रहता था। जैसे ही उसकी बाइक गांधी पार्क के पास समोसा मार्केट के सामने पहुंची तभी एक अज्ञात कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह काफी दूर तक कार के साथ घिसटता हुआ चला गया। जिससे उसकी(शेष पृष्ठ सात पर)



## तमंचे की नोक पर दिनदहाड़े शोरूम से लूटा आईफोन

### मोबाइल लूटकर भाग रहे लुटेरे को दुकानदारों ने तमंचे सहित दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस की तमाम सख्ती के बाद भी अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। शनिवार को एक नकाबपोश ने दिनदहाड़े बेखौफ होकर तमंचे की नोक पर मोबाइल शोरूम से आईफोन लूट लिया। मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाश को आस पास के दुकानदारों ने मौके पर दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। मोबाइल लूट की फुटेज सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हुयी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है। सनसनीखेज



घटना शनिवार प्रातः करीब 11 बजे की है। मुख्य बाजार काशीपुर रोड स्थित सागर मोबाइल शोरूम पर एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल खरीदने के लिए पहुंचा। उसके मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था। युवक ने आईफोन 14 प्रो दिखाने को कहा जिसकी कीमत करीब 1 लाख 35 हजार है। युवक ने मोबाइल देखा और दुकान के सेल्समैन से कहा कि वह पेमेंट ऑनलाइन करेगा। इसी बीच उसने अपनी जेब से तमंचा निकाल लिया। यह देखकर दुकान के सेल्समैन घबरा गये। तभी युवक आईफोन 14 प्रो लेकर दुकाने बाहर निकल गया। भागने वाले युवक ने जाते जाते धमकी दी कि हल्ला मत करना वरना गोली मार दूंगा। लेकिन बाहर खड़े कुछ दुकानदारों भाग रहे लुटेरे को पकड़ लिया। और बाजार पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दिनदहाड़े मोबाइल लूट की दुस्साहसिक घटना सीसी टीवी कैमरे में भी कैद(शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

### कुंडेश्वरी रोड पर दो बाइकों की हुई थी भिड़ंत

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम पच्चावाला निवासी गुरदेव सिंह पुत्र सुरैन सिंह ने बताया कि बीते पांच जनवरी को पुत्र साहब सिंह के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 पी/0203 पर सवार होकर गांव से गाजीपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान कुंडेश्वरी रोड पर आरटीओ कार्यालय के समीप विपरीत दिशा से द्रुतगति से चली आ रही मोटरसाइकिल यू ए 06एफ/4803 के चालक ग्राम लक्ष्मीपुर मेहतावन थाना बाजपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र मोतीलाल ने तेजी व लापरवाही से रॉग साइड में आकर मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट की इस घटना में साहब सिंह के मुंह और जबड़े में गंभीर चोटें आई। घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को देने पर घायल युवक को उपचार के लिए तत्काल राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। इस दौरान घायल युवक को जसपुर अड्डे के समीप स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। यहां भी चिकित्सकों ने जब हालत नाजुक देख हाथ खड़े कर दिए तो परिजनों द्वारा घायल युवक को मुरादाबाद रोड स्थित विवेकानंद अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान 15 जनवरी को जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए घायल युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने एक्सीडेंट के उक्त मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## नशे के 300 इंजेक्शन और देशी बंदूक सहित हिस्ट्रीशीटर दबोचा

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक 10 हजार रुपए के इनामी को नशे के 300 इंजेक्शन और एक अवैध देशी बंदूक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए सीओ बलजीत सिंह भाकुनी ने बताया कि कोतवाल अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रामनगर निवासी शानू खान को मुखबिर की सूचना पर हिरासत में लेने के बाद तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 300 नशे के



इंजेक्शन और एक अवैध देशी बंदूक बरामद की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर तथा उसके खिलाफ पूर्व में भी 1 दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## ईलाज के बहाने युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी तांत्रिक गिरफ्तार

जसपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र की युवती ने तांत्रिक पर इलाज के बहाने घर बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम खेड़ा स्थित पप्पू कॉलोनी निवासी नसीम अहमद पुत्र अनवर तंत्र विद्या का काम करता है। उसकी क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी है। जहां उसका अना-जाना रहता था। वर्ष 2021 में रिश्तेदार के पड़ोस में रहने वाली एक युवती की तबीयत खराब होने पर उसने उसका इलाज शुरू किया। आरोप है कि पिछले साल फरवरी में नसीम ने युवती को तंत्र विद्या से इलाज के बहाने अपने घर बुलाया और चाय में नशीला पदार्थ देकर उसे बेहोश कर दिया। बेहोश होने पर नसीम ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में तांत्रिक झाड़ फूंक करने के बहाने युवती को अपने साथ कलियर ले गया। जहां उसने एक कमरे में उसके साथ दुष्कर्म कर चुपके से उसकी वीडियो बना ली। साथ ही युवती के किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। बीती 13 जनवरी को युवती जसपुर बाजार (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगर आयुक्त को मिली मौत के घाट उतारने की धमकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी को मछली मार्केट में मछली के कारोबारी ने प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़े जाने पर छूरी सी मौत के घाट उतारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने गाली गलौज व अभद्रता करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी ने बताया कि बीते 18 जनवरी की शाम लगभग 4:00 बजे निगम की संयुक्त टीम के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग और गंदगी के निरीक्षण हेतु नई सब्जी मंडी से होते हुए मछली बाजार पहुंचे। यहां कई दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलीथिन जप्त की गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मछली बाजार में मदर कॉलोनी वार्ड संख्या 21 निवासी मोहम्मद उमर पुत्र अब्दुल वाहिद प्रतिबंधित मांगुर बेच रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

**प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़े जाने पर मछली विक्रेता आपे से बाहर**

## सहायक लेखाकार परीक्षा भी स्थगित, अब 23 अप्रैल को होगी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 8 जनवरी को कराए गए पटवारी और लेखपाल के परीक्षा लीक होने के बाद परीक्षा स्थगित करके नई परीक्षाओं की तिथियों का ऐलान किया था। अब आयोग से जुड़ी एक बड़ी खबर आ रही है। सहायक लेखाकार परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है यह परीक्षा पहले 19 फरवरी को आयोजित होनी थी लेकिन अब यह परीक्षा 23 अप्रैल को होगी। इस संबंध में आयोग के सचिव जीएस रावत ने आदेश जारी किया है। आयोग के सचिव जीएस रावत द्वारा जारी किए गए आदेश में पटवारी भर्ती का पेपर लीक होने के बाद राज्य लोक सेवा आयोग ने एहतियात के तौर पर 22 जनवरी को होने वाली फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा स्थगित कर इसकी तिथि नौ अप्रैल जारी की थी। पीसीएस की मुख्य परीक्षा जो पहले 28 से 31 जनवरी को आयोजित होनी थी उसकी तिथि बदलकर अब 23 से 26 फरवरी कर दी गई है शुक्रवार को 19 फरवरी को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई है।

# भारी बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। गुरुवार रात और शुक्रवार को हुई सीजन की पहली बर्फबारी के बाद राज्य में पारा गिर गया है और कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। वहीं बारिश और बफबारी होने सेकाश्तकारों ने भी राहत की सांस ली है।मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में आज आंशिक से लेकर मुख्यत: बादल छाये रह सकते हैं। उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग समेत 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात के आसार हैं। जबकि, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और चंपावत में गरज के साथ तीव्र बौछारें व ओलावृष्टि की आशंका है। इसे लेकर अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। इस दौरान तापमान में भी गिरावट आ सकती है। उधर, कुमाऊं के हिमनगरी मुनस्यारी व नारायण आश्रम में भी भारी हिमपात हुआ। पूरा क्षेत्र बर्फ से लकदक हो गया। बागेश्वर व अल्मोड़ा जिले में चोटियों पर भी बर्फ पड़ी। पिथौरागढ़ जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में दारमा, व्यास और जोहार घाटी में बर्फबारी प्रारंभ हो गई। मैदानी क्षेत्रों में बादलों के डेरे के बीच हल्की से मध्यम वर्षा के कई दौर हुए। जिसके बाद दिनभर देहरादून समेत अन्य क्षेत्रों में सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी। इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक पारा लुढ़क गया। पंतनगर से दिल्ली और लखनऊ के लिए इंडिगो की सभी उडानें 24 जनवरी तक के लिए निरस्त हो गई हैं। लखनऊ से पंतनगर के लिए सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार, शनिवार व दिल्ली से हर रोज हवाई सेवा संचालित है। नए साल में कोहरे के कारण दिल्ली से पंतनगर की एक भी उड़ान नहीं हुई। लखनऊ के लिए बस दो ही दिन उड़ान हो सकी। पहाड़ों में भारी हिमपात के कारण जनजीवन प्रभावित है। मैदानों में वर्षा के बाद सर्द हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी है। भारी हिमपात के कारण प्रदेश में करीब 100 गांवों का संपर्क कट गया है। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश में वर्षा-बर्फबारी जारी रहने की आशंका जताई गई है। साथ ही कहीं-कहीं गरज के साथ बौछारें और ओलावृष्टि को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है। प्रदेश में बीते दो दिन से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पहाड़ों में भारी हिमपात और निचले क्षेत्रों में वर्षा का क्रम बना हुआ है। शुक्रवार को केदारनाथ धाम में चौथे दिन भी बर्फबारी का दौर जारी रहा। वहीं द्वितीय व तृतीय केदार समेत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जोरदार बर्फबारी हो रही है। जबकि घाटी वाले क्षेत्रों में भी बारिश हुई। बारिश व बर्फबारी से कड़ाके की ठंड का प्रकोप बना है। जनपद के दो दर्जन गांव बर्फ से अटे पड़े हैं, यहां का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आइटीबीपी के जवान केदारनाथ धाम में पांच फीट बर्फ में भी पूरी मुस्तैदी के साथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात हैं। उत्तरकाशी में बर्फबारी के कारण 25 से अधिक गांव अलग- थलग पड़ गए हैं। अधिकांश गांवों में बिजली और पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। हर्षिल घाटी में तो इस सीजन का सबसे बड़ा हिमपात हुआ है। यहां करीब डेढ़ फीट से अधिक बर्फ की चादर जम चुकी है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगनानी से गंगोत्री तक (55 किलोमीटर क्षेत्र) बंद हो गया है। भले ही सीमा सड़क संगठन के जवान राजमार्ग को सुचारू करने में जुटे हैं। चमोली जिले में बर्फबारी से प्रभावित 47 गांवों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। हालांकि औली, बदरीनाथ हेमकुंड क्षेत्र में पहले भी कई बार बर्फबारी हो चुकी है। बर्फबारी से चोपता मोटर मार्ग पर किमी 40 से आगे अवरुद्ध हो गया। वहीं बर्फबारी से बदरीनाथ महायोजना के कार्य पर भी ब्रेक लगा है।





## मसूरी और धनोल्टी में भारी बर्फबारी से खिले पर्यटकों के चेहरे

देहरादून। उत्तराखंड की ऊंची चोटियां बर्फ की सफेद चादर से ढक गई है। बर्फ से ढकी ये वादियां चांदी की तरह चमक रही थीं। जिन्हें देख दूसरे राज्यों से उत्तराखंड पहुंचे पर्यटक खुशी से खिल गए। मसूरी और धनोल्टी में इस साल की दूसरी बर्फबारी हुई। मसूरी में देर रात बारिश भी हुई। जिसके बाद चार दुकान और लाल टिब्बा में मौसम का दूसरा हिमपात हुआ। समीपवर्ती धनोल्टी, बुरांशखंडा, सुरकंडा और नागटिब्बा में भी हिमपात हुआ है। शुक्रवार को सुबह उठकर जब देहरादून के लोगों ने अपने घरों की खिड़कियों से झांका तो मसूरी और धनोल्ष्टी की बर्फबारी से ढकी चोटियां साफ दिखाई दे रही थीं। वहीं बर्फबारी की खबर सुनते ही पर्यटक मसूरी और धनोल्ष्टी के लिए निकल पड़े। वहीं ताजा बर्फबारी के बाद अब शनिवार को वीकेंड होने चलते पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। जिससे व्यापारी भी काफी खुश है। शुक्रवार को चारधाम में भी बर्फबारी हुई। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में बर्फबारी हुई। केदारनाथ में चौथे दिन शुक्रवार को भी बर्फबारी हुई है। रुद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो रही है। यहां नीचले इलाकों में बारिश होने से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। आपदा प्रभावित जोशीमठ भी बर्फबारी से ढक गया है। यहां राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोग ठंड से परेशान हो रहे हैं। शासन प्रशासन द्वारा इन्हें सर्दी से बचाने के प्रयास भी किए गए हैं। चमोली जिले में औली, जोशीमठ, बदरीनाथ, हेमकुंड, सहित नीती माणा घाटी में बर्फबारी हुई है।

# किसी ने आठ तो किसी ने 12 लाख रूपये में किया था पटवारी लेखपाल भर्ती पेपर का सौदा

## खुफिया पुलिस अब यूकेएसएसएससी व यूकेपीएससी के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों पर रखेगी पैनी नजर






देहरादून। यूकेएसएसएससी (उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग) व यूकेपीएससी (उत्तराखंड लोक सेवा आयोग) में एलआइयू व स्पेशल ब्रांच की तैनाती कर दी गई है। खुफिया पुलिस इन दोनों आयोग के अंदर होने वाली हर गतिविधि पर नजर रख रही है। साथ ही प्रत्येक स्टाफ का रिकार्ड भी लिया जा रहा है। आने वाले समय में हर अधिकारी व कर्मचारी की गतिविधि पर खुफिया पुलिस की नजर रहेगी। यूकेएसएसएससी व यूकेपीएससी में परीक्षाओं के पेपर लीक होने के बाद दोनों आयोग के अध्यक्ष ने खुफिया पुलिस की तैनाती करने के लिए सरकार व पुलिस विभाग को पत्र लिखा था। शासन के आदेश के बाद अब पुलिस विभाग ने दोनों आयोग में खुफिया पुलिस तैनात कर दी है, जो वहां हर अधिकारी व कर्मचारी की जन्म कुंडली खंगालने में जुट गई है। पुलिस सूत्रों की मानें तो दोनों आयोग के बाहर व अंदर तैनात खुफिया पुलिस पल-पल की रिपोर्ट अपने आलाधिकारियों को दे रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस विभाग आयोग के अंदर दाखिल होने वाले आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए नए नियम जारी कर सकती है। पेपर लीक प्रकरण में अति गोपनीय विभाग तक अधिकारी व कर्मचारी मोबाइल लेकर चले जाते थे, जिस पर पूरी तरह से रोक लग सकती है। इसके अलावा गोपनीय विभागों में ड्यूटी करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के दाखिल होने से लेकर बाहर जाने तक पूरी निगरानी होगी। यही नहीं खुफिया पुलिस उनकी दिनचर्या पर भी नजर रखेगी। पटवारी परीक्षा से पहले पेपर कैसे लीक हुआ और अभ्यर्थियों को कैसे पढ़वाया गया, एसआइटी इसका पूरा सीन दोहराएगी। ताकि आरोपितों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा सुबूत हाथ लग सकें और कागजी कार्रवाई मजबूत कर कोर्ट में पेश किया जा सके। रिमांड पर लिए गए आरोपितों को शनिवार से इसके लिए आयोग और उस रिजॉर्ट पर ले जाया जाएगा, जहां पर अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र रटाया गया था। रिमांड पर लिए गए आरोपितों से एसआईटी ने शुक्रवार को लंबी पूछताछ की। काफी सवालों के जवाब एसआइटी का मिल चुके हैं, लेकिन यह जानना जरूरी है कि आरोपितों ने पेपर को लीक किया और कहां पर रुपये लिए। किस स्थान पर अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ाया गया। एसआईटी पूरे क्राइम सीन को रीक्रिएट करा रही है। ताकि जांच और आरोप पत्र तैयार करने में मदद मिल सके। सूत्र बताते हैं कि आरोपितों को शनिवार से रिजॉर्ट व अन्य जगहों पर ले जाया जाएगा। वहीं लेखपाल भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में एसआइटी ने प्रश्न पत्र खरीदने वाले अभ्यर्थियों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार को चार अभ्यर्थियों के बयान दर्ज किए गए। पता चला है कि किसी ने आठ तो किसी ने 12 लाख में सौदा तय किया था। एडवांस रकम के तौर पर किसी ने चार लाख तो किसी ने छह से आठ लाख तक जमा कराए थे। यह भी पता चला है कि कुछ दलालों ने अपनी कमीशन जोड़कर संपन्न परिवारों के अभ्यर्थियों से 18 लाख रुपये तक में डील की। रकम का काफी हिस्सा एडवांस लेने के साथ ही जमानत के तौर पर उनके दस्तावेज भी अपने पास ही जमा कराए गए थे। चयनित होने के बाद बाकी रकम लेकर उन्हें दस्तावेज लौटाए जाने थे। सूत्र बताते हैं कि ऐसे कई सनसनीखेज बातें एसआइटी की पूछताछ में पता चली है। लेखपाल पेपर लीक प्रकरण में जेल गए आरोपित राजपाल और संजीव कुमार को एसआइटी ने कोर्ट के आदेश पर चार दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पूछताछ में पालीटेक्निक शिक्षक राजपाल और उसके भतीजे संजीव कुमार ने कई राज उगले। सूत्र बताते हैं कि चाचा-भतीजे ने कुछ नए नाम भी एसआइटी को बताए हैं। वहीं, एसआइटी जल्द ही आयोग के निलंबित अनुभाग अधिकारी संजीव चर्तुवेदी व उसकी पत्नी रितु को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। लेखपाल भर्ती पेपर लीक प्रकरण का उत्तराखंड एसटीएफ ने भंडाफोड़ करते हुए सात आरोपितों को 41 लाख की नकदी सहित गिरफ्तार किया था। बाद में मामले की जांच एसपी क्राइम रेखा यादव के नेतृत्व में एसआइटी को सौंपी गई और टीम ने आठवें आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा। एसआइटी का पर्यवेक्षण कर रहे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने आरोपितों का पुलिस कस्टडी रिमांड लेने की बात कही थी। जिस पर एसआइटी ने साक्ष्य जुटाने के लिए आरोपितों का पुलिस कस्टडी रिमांड मांगते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट ने राजपाल व उसके भतीजे संजीव कुमार का चार दिन का रिमांड मंजूर किया है। शुक्रवार को एसआइटी आरोपित चाचा भतीजा को जिला कारागार से मध्य हरिद्वार लेकर पहुंची। आरोपितों को चंद्राचार्य चौक के पास की एक मोबाइल फोन की शाप से लेकर लैपटाप शोरूम पर भी ले जाया गया। उन्होंने खरीदारी की पुष्टि की। पूछताछ में खेल में शामिल अन्य आरोपितों के नाम-पते भी जुटाए गए। एसआइटी प्रमुख रेखा यादव ने बताया कि राजपाल व संजीव का पुलिस कस्टडी रिमांड लेकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही, अन्य आरोपितों का रिमांड लेने के लिए भी कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जाएगा।

# उत्तरायणी मेले में राजनीति का अखाड़ा बनी हवाई दर्शन सेवा

## हेलीकॉप्टर के पायलट व स्टाफ मैनेजर ने एसओजी टीम पर लगाया अभद्रता व जबरन हेली सेवा बंद करने का आरोप

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले में पहली बार हेलीकॉप्टर सेवा चलाई जा रही है, जो राजनीति का अखा बन गई है।हांलाकि सभी लोग हवाई सेवा का लाभ पाने को आतुर है, वही हवाई सेवा में पहले छात्र संघ पदाधिकारियो द्वारा विरोध फिर यात्रा के बाद पुलिस के विशेष दस्ते द्वारा पायलट से दुर्व्यवहार करना सुर्खियों का विषय बन गया है, जहा गुरुवार शाम सुचारू सेवा संचालित हो रही थी वही एसओजी टीम द्वारा होलीकॉप्टर के पास पहुँचकर बलपूर्वक पायलट के साथ अभद्रता करना चर्चाओं में है।वही पायलट ने पुलिस के अधिकारी के आदेश पर एक चोर जैसा व्यवहार करने के आरोप पुलिस पर लगाए है, ऐसे में चर्चा तब गरमा गई है जब एसपी हिमांशु वर्मा द्वारा मामले में चुप्पी साधते हुए कोई ऐसा आदेश बन्द कराने के नही देने और हेली व्यवस्था सुचारू चलने की बात कही गई है। ऐसे में पुलिस के अधिकारियों का वहा पहुचना, एसपी द्वारा पुलिस को भेजना सवालों के घेरे में है। अब देखने वाली बात होगी कि कोई कार्रवाई होती है या दोषियों के मनोबल बढेगा ये आने वाले समय मे तय होगा। नगर में उत्तरायणी मेले का हवाई दर्शन कराने वाले हेलीकॉप्टर के पायलट व बेस मैनेजर ने आरोप लगाया है कि गुरुवार को उनके व उनके स्टाफ के साथ कुछ पुलिस कर्मचारियों ने अभद्रता की तथा सुरक्षा के मानकों को ताक में रखकर पुलिस एयर क्राफ्ट तक पहुंची। कहा कि उनके द्वारा कहा जा रहा था कि एसपी साहब के आदेश हैं कि हेली सेवा को बंद किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस पर प्रशासन को ही कार्रवाई करनी होगी। शुक्रवार को हेलीपेड में पत्रकारों को घटना की जानकारी देते हुए हेरीटेज एविएशिन कंपनी के बेस मैनेजर मनीष भंडारी ने कहा कि गुरूवार को लगभग तीन बजे जब हेलीकाप्टर उड़ान में था तो कुछ एसओजी के जवान सिविल डेस पर वहां आए तथा हवाई मानकों का उल्लंघन करते हुए एयर क्राफ्ट तक पहुंच गए जो कि सुरक्षा कारण से नियम विरूद्ध है। कहा कि वे एसओजी से हैं तथा पुलिस अधीक्षक का आदेश है कि हेलीकॉप्टर नहीं चलेगा तथा उन्होंने यहां से जाने को कहा। कहा कि जब चार दिन से हेलीकॉप्टर चल रहा है तथा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की है तो पांचवे दिन ही पुलिस को सुरक्षा की याद क्यों आई। वहीं पायलट कैप्टन अरविंद पांडे ने बताया कि उनके द्वारा जब हेली सेवा संचालित की जा रही थी तभी उनके पास दो पुलिस कर्मी सिविल डेस पर आए तथा जबरन हेली को रुकवाया तथा उनके पास आकर अभद्रता की तथा हेली सेवा बंद करने की बात कही। जिससे वे आहत हैं। कहा कि उनके द्वारा यूगाडा व जिलाधिकारी की अनुमति है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह के लोगों से पुलिस बदनाम हो रही है। जिस पर प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए।



मामले की जांच के लिये जलाधिकारी को अवगत किया करा दिया है। जांच के बाद मेले को बाधित करने वाले पुलिस कर्मी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जिसके परिणाम सामने जल्द सामने आएंगे।

**-सुरेश गड़िया, विधायक कपकोट।**

## अपर सचिव के पद पर निवेदिता कुकरेती की तैनाती

देहरादून। उत्तराखंड के गृह विभाग में अब महिलाओं का दबदबा हो गया है। अपर मुख्य सचिव, विशेष सचिव के बाद अब अपर सचिव के पद पर शासन ने वरिष्ठ आईपीएस निवेदिता कुकरेती को तैनात कर दिया है। शुक्रवार को पांच अधिकारियों के विभागों में बदलाव किया गया। गृह विभाग के अहम पदों पर महिला अधिकारियों का दबदबा हो गया है। अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी, विशेष गृह सचिव रिद्धिम अग्रवाल के बाद अब अपर सचिव के पद पर निवेदिता कुकरेती को तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा आईटीडीए की जिम्मेदारी अब अमित सिन्हा से लेकर आईएएस नितिका खंडेलवाल को सौंपी गई है। अमित सिन्हा निदेशक विजिलेंस के पद पर सेवाएं देते रहेंगे। वहीं, अपर सचिव शहरी विकास हरक सिंह रावत को स्टाफ ऑफिसर अध्यक्ष राजस्व परिषद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। श्याम सिंह राणा को इस जिम्मेदारी से हटाकर अब केवल स्मार्ट सिटी एडिशनल सीईओ की जिम्मेदारी दी गई है। अपर सचिव कर्मेंद्र सिंह की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया।

## होमगार्ड्स को भी मिलेगा घायल या बीमार होने पर ड्यूटी भत्ता

देहरादून। होमगार्ड्स स्थापना दिवस-2022 के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी की घोषणा के क्रम में शासन ने होमगार्ड्स को भी ड्यूटी के दौरान घायल या बीमार होने पर ड्यूटी भत्ता दिए जाने का शासनादेश जारी कर दिया है। पुलिस महानिरीक्षक और कमाण्डेन्ट जनरल होमगार्ड्स केवल खुराना ने बताया कि पूर्व में होमगार्ड्स के ड्यूटी के दौरान घायल या बीमार होने पर सम्बन्धित होमगार्ड्स को किसी प्रकार का कोई भी ड्यूटी भत्ता नहीं दिया जा रहा था। जिससे होमगार्ड्स की आर्थिक स्थिती कमजोर हो जाती थी तथा मेहनती एवं कर्मठ होमगार्ड्स की कार्यक्षमता प्रभावित होती थी। जिसको सबल बनाये जाने हेतु उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के ड्यूटी के दौरान घायल/बीमार होने के परिणामस्वरूप अस्पताल में भर्ती होने पर तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा स्वस्थ घोषित किये जाने तक की अवधि (जो पूर्ण सेवाकाल में 06 माह से अधिक नहीं होगी) पर ड्यूटी पर मानते हुए ड्यूटी भत्ता अनुमन्य किया गया है।


शीघ्र आवश्यकता है
SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को

1. रिसेप्शनिष्ट (महिला)-(1), योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा, अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट-(1) योग्यता-B.C.A. /बी.कॉम, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. सेल्स एक्जीक्यूटिव- (25), योग्यता-हाईस्कूल, अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. मैनेजर- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. सेल्स एक्जीक्यूटिव (महिला एवं पुरूष) -पार्ट टाईम (कमीशन के आधार पर)
6. ड्राईवर (1) योग्यता आठवीं पास

बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।

पता- 7&8, रुद्रा ऑर्केड कॉम्पलैक्स प्लॉट नं.12, नैनीताल हाईवे, (31वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• मशीन द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S, PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081989
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा B.D.S. (Dental Surgeon) M.8997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# व्यापार मंडल एवं पालिका के चल रहा गतिरोध समाप्त

## तहसीलदार एवं थानाध्यक्ष की मौजूदगी में साईनबोर्ड लगाने पर सहमति





गदरपुर (उद संवाददाता)। नगरपालिका एवं व्यापार मंडल के बीच साईनबोर्ड को लेकर हुआ विवाद तहसीलदार एवं थानाध्यक्ष की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों की समहमति पर साईनबोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद सफाई कर्मियों की चल रही हड़ताल भी समाप्त हो गयी। यहां बता दें कि कुछ दिन पूर्व नगरपालिका द्वारा गेट के सामने नाली के बाहर दुकानदारों के सामने साईनबोर्ड के लिए फाउन्डेशन बनायी गयी थीं। साईनबोर्ड लगाने की सूचना पर व्यापारियों एवं कुछ सभासदों ने विरोध किया था। जिसको लेकर केपीएस के सफाई कर्मियों ने व्यापारियों एवं कुछ सभासदों पर अभद्रता किये जाने का आरोप लागते हुए थाने में सीओ को ज्ञापन सौंपा था और कार्य का बहिष्कार कर दिया। वही इस मामले को लेकर व्यापार मंडल भी हरकत में आ गया और समस्त व्यापारियों ने बैठक आयोजित कर सार्डनबोर्ड का पुरजोर विरोध करते हुए थाने का घेराव कर निष्पक्ष जांच की मांग की। नगर में सफाई व्यवस्था ठप होने पर प्रशासन हरकत में आ गया और उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को तहसील में तहसीलदार देवेन्द्र सिंह बिष्ट एवं थानाध्यक्ष राजेश पांडये की मौजूदगी में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं केपीएस के सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गयी। जिसमें दोनों पक्षों को सुना गया। बैठक में निर्णया लिया गया कि मौके पर जाकर साईनबोर्ड लगाने का स्थान चयनित किया जाये जिससे दुकानदारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो न ही व स्थान अतिक्रमण के दायरे में हो। सहमति पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर भी करवाये गये। मौके पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी जगदीश चन्द्रा एवं थानाध्यक्ष राजेश पांडेय द्वारा व्यापार मंडल एवं व्यापारियों की सहमति से नाली के अन्दर गली में दुकानों के साथ स्थान चयनित किया गया जिससे दुकानदारों को अपनी दुकान खोलने में भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज सेतिया, महामंत्री संदीप चावला, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना थानाध्यक्ष राजेश पांडे पंकज सेतिया, परमजीत सिंह पम्मा, मनोज गुम्बर, सफाई कर्मचारियों में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष उमेश कुमार, महामंत्री नन्हे लाल, सुरेश कुमार रजत राहुल आदि मौजूद थे।

## पीएम किसान पोर्टल में पंजीकरण के लिए शिविरों का होगा आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड के निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 के आगामी ट्राईमेस्टर (दिसम्बर से मार्च) में 13वीं किस्त जारी करने से पूर्व सभी लाभार्थियों के पी0एम0 किसान पोर्टल के डाटा से राज्य के भू-अभिलेख लिंक, समस्त लाभार्थियों का ई-केवाईसी एवं पेमेंट मोड आधार करवाने का कार्य मिशन मोड में विशेष कैम्पों के माध्यम से करवाये जाने के निर्देशों के क्रम में निम्न प्रकार से विकास खण्ड स्तर पर समिति गठित की जाती है। उन्होने बताया कि उक्त समिति में सम्बन्धित विकास खण्ड प्रभारी अध्यक्ष, सम्बन्धित न्यायपंचायत प्रभारी सदस्य, सम्बन्धित राजस्व ग्राम/पटवारी क्षेत्र के उपराजस्व निरीक्षक सदस्य, सम्बन्धित विकास खण्ड में कार्यरत बी0टी0एम0 सदस्य एवं सम्बन्धित विकास खण्ड में कार्यरत मास्टर ट्रेनर जैविक सदस्य होंगे। उन्होने बताया कि समिति विकास खण्ड जसपुर में 21 जनवरी को गढ़ीनेगी पंचायतघर, 23 जनवरी को मेघावाला पंचायतघर, 24 जनवरी को देवीपुरा पंचायतघर एवं 25 जनवरी को पुरनपुर पंचायतघर, विकास खण्ड काशीपुर में 21 जनवरी को गोपीपुरा पंचायतघर, 23 जनवरी को कुंडेश्वरी पंचायतघर एवं 24 जनवरी को बांसखेड़ी पंचायतघर, विकास खण्ड बाजपुर में 21 जनवरी को बरहैनी पंचायतघर, 23 जनवरी को महेशपुरा पंचायतघर, 24 जनवरी को नगर पंचायत केलाखेड़ा एवं 25 जनवरी को चकरपुर पंचायतघर, विकास खण्ड गदरपुर में 21 जनवरी को बराखेड़ा पंचायतघर, 23 जनवरी को आनन्दखेड़ा पंचायतघर एवं 24 जनवरी को गोविन्दपुर पंचायतघर, विकास खण्ड रूद्रपुर में 21 जनवरी को बरा पंचायतघर, 23 जनवरी को खामिया नं0-02 पंचायतघर, 24 जनवरी को नारायणपुर पंचायतघर, 25 जनवरी को दरऊ पंचायतघर एवं 27 जनवरी को धमपुर पंचायतघर, विकास खण्ड सितारगंज में 23 जनवरी को बघौरी (थारू) मन्दिर परिसर, 24 जनवरी को नानकमत्ता उप तहसील परिसर (मिलक पछली), 25 जनवरी को बिरिया पंचायतघर एवं 27 जनवरी को सिसौना पंचायतघर तथा विकास खण्ड खटीमा में 21 जनवरी को चारूबेटा पंचायतघर, 23 जनवरी को बिगराबाग पंचायतघर, 24 जनवरी को सबौरा पंचायतघर एवं 25 जनवरी को प्राथमिक विद्यालय भगचुरी में प्रचार-प्रसार कर कैम्पों का आयोजन करेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विकास खण्ड सितारगंज/खटीमा/रूद्रपुर के लिये कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी रूद्रपुर अमित कुमार एवं विकास खण्ड जसपुर /काशीपुर /बाजपुर/गदरपुर के लिये कृषि एवं भूमि सरंक्षण अधिकारी, काशीपुर डॉ0 शशी कमल नोडल अधिकारी होंगे। उन्होने बताया कि इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील/उप तहसील से समन्वय स्थापित करने हेतु अपर सांख्यिकी अधिकारी (कृषि सांख्यिकी) उत्तम सिंह को नोडल नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि उक्त समन्ध में किसी प्रकार की समस्या होने पर सम्बन्धित नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर सकते हैं।

## 62 पव्वे बरामद, एक गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से देसी शराब की खरीद-फरोख्त में लिप्त एक कारोबारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 62 पव्वे देसी शराब बरामद किया है। कारवाई के बारे में पता चला है कि टांडा उज्जैन चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने रेलवे फाटक के समीप दढ़ियाल रोड टांडा उज्जैन निवासी जगदीश पुत्र स्वर्गीय निर्मल सिंह को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 62 अदद पिकनिक शराब के पव्वे बरामद किए। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।


मेट्रोपोलिस रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन चुनाव सम्बंधी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेट्रोपोलिस रेजीडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन (MRWA) का चुनाव 29.1.2023 को होने की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिसका कार्यक्रम निम्न प्रकार से है:-

1. नामांकन फार्म वितरण की तिथि:
दिनांक 22.01.2023 समय प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक
दिनांक 23.01.2023 समय प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

2. नामांकन दाखिल करने की तिथि :
दिनांक 23.01.2023 समय सायं: 4.00 बजे से 7.30 बजे तक
दिनांक 24.01.2023 समय प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

3. नामांकन वापस लेने की तिथि :
दिनांक 25.01.2023 समय प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
दिनांक 25.01.2023 समय सायं: 6.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक

4. प्रत्याशियों की फाईनल (अंतिम) सूची जारी करने की तिथि
दिनांक 26.01.2023 समय सायं: 4.00 बजे

5. चुनाव चिन्ह आवंटित करने की तिथि:
दिनांक 26.01.2023 समय सायं: 5.00 बजे

6. चुनाव की तिथि
दिनांक 29.01.2023 समय प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक

7. चुनाव परिणाम घोषित करने की तिथि:
दिनांक 29.01.2023 समय सायं: 7.00 बजे

नोट: क्रम संख्या 01 से 07 तक समस्त कार्यक्रम का एम आर डब्ल्यूए (MRWA) आफिस हाउसिंग क्लब मेट्रोपोलिस रुद्रपुर उधम सिंह नगर में किये जायेंगे।

आज्ञा से
चुनाव समन्वय समिति- एमआरडब्लूए

# पुलिस थानों की वार्षिक रैंकिंग में बनबसा पुलिस स्टेशन देश के सर्वोत्तम तीन थानों में शामिल

नई दिल्ली/देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के जनपद चम्पावत के बनबसा थाने ने देश के सर्वश्रेष्ठ तीन पुलिस स्टेशनों में जगह बनाई है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, नई दिल्ली में शुरू हुए सम्मेलन- 2022 के दौरान चम्पावत जिले के बनबसा पुलिस स्टेशन को देश के सर्वोत्तम तीन पुलिस स्टेशन के रूप में सम्मानित किया। थानाध्यक्ष बनबसा उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह को केंद्रीय गृह मंत्री से प्रशंसा प्रमाण पत्र के साथ प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है। प्रदेश की डीजीपी अशोक कुमार भी सम्मेलन में प्रतिभाग किया। पुलिस थानों की वर्ष 2022 की वार्षिक रैंकिंग में बनबसा पुलिस स्टेशन को सर्वोत्तम तीन थानों में स्थान मिला।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त उत्तराखण्ड पुलिस परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह उपलब्धि प्रदेश में सुशासन एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे सभी पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा का प्रतिफल है। डीजीपी अशोक कुमार ने पुलिस अधीक्षक, चम्पावत सहित बनबसा थाने के समस्त कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि देश में 16 हजार पुलिस स्टेशन हैं और उनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन पुलिस स्टेशनों में जगह बनाना गौरव की बात है। यह पहली बार है कि उत्तराखण्ड के किसी पुलिस स्टेशन ने टॉप 3 में जगह बनाई है। इससे पहले देश के टॉप 10 थानों की श्रेणी में वर्ष 2017 में थाना बनभूलपुरा और ऋषिकेश को लिस्ट में 6 व 8 वें स्थान पर और वर्ष 2018 में थाना मुनस्यारी को 9 वें स्थान पर जगह मिली थी। पुलिस स्टेशनों की रैंकिंग गृह मंत्रालय द्वारा एक वार्षिक अभ्यास है। देश के टॉप थानों की श्रेणी में स्थान पाने के लिए कुछ मानक तय किए जाते हैं। पुलिस स्टेशनों को 165 विभिन्न मापदंडों जैसे अपराध नियंत्रण, अपराध दर, जांच व मामलों के निपटान, बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवा के वितरण के आधार पर आंका जाता है। कुल बिंदुओं में से लगभग 20 प्रतिशत नागरिकों से पुलिस स्टेशन के बारे में मिले फीडबैक पर भी आधारित हैं।

# शिव अरोरा ने तीनों मण्डल अध्यक्षों का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में पहुंचते ही विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले तीनो मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट का अपने कार्यालय पर स्वागत किया। उन्होंने कहा तीनों मण्डल अध्यक्ष मजबूती के साथ संगठन के कार्यो को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे ओर



सभी को साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यशैली को जन जन तक ले जाने का कार्य करेंगे। आपको बता दें अपने प्रवास से आज ही वापसी लौटे विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पहुँचकर जनता से मुलाकात की ओर उनकी समस्याओं को सुना । वही विधायक शिव अरोरा का आभार जताते हुए मण्डल अध्यक्षो ने पूरी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी को निर्वाहन करने हेतु संकल्प व्यक्त किया।

# गरीब जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वह गरीबी से संघर्ष करके यहां तक पहुंची है और वह गरीब व्यक्ति की हर परेशानी को अच्छे से समझती हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब व्यक्ति को कितनी परेशानी होती है इसको वह अच्छे से महसूस करती हैं ।श्रीमती शर्मा बृहस्पतिवार को अपने आवास पर



विभिन्न बस्तियों से आए गरीब लोगों विशेषकर महिलाओं को कंबल वितरित कर रही थी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने दर्जनों लोगों को कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किए।बाद में श्रीमती शर्मा ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# बिंदल हुंडई ने लांच की नई ग्राण्ड आई 10

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।किच्छा बाई पास रोड रुद्रपुर पर स्थित हुंडई कार के शोरूम बिंदल हुंडई में हुंडई की नई बहुप्रतीक्षित हैचबैक कार ग्राण्ड आई 10 एनआईओएस को लॉच किया गया। हुंडई की नई कार का अनावरण बिंदल हुंडई के रुद्रपुर शोरूम में एसएसई गुगल कैलिफोर्निया अर्पित गोयल एवं सीईओ एपजोरो टैक्नोलॉजी अटलांटा समृद्ध अग्रवाल और बिंदल हुंडई के काशीपुर शोरूम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव प्रताप सिंह राणा द्वारा किया गया। ये कार 1.2 लीटर कप्पा पेट्रोल इंजन के साथ कंपनी फिटेड सीएनजी में उपलब्ध रहेगी जहां पेट्रोल कार का माइलेज 20.7 किलोमीटर प्रति लीटर और सीएनजी वेरिएंट में 27.3 किलोमीटर प्रति किलोग्राम है, ये कार ऑटोमैटिक और मैन्युअल दोनों ट्रांसमिशन में आएगी। हुंडई ने ग्राउण्ड आई 10 एनआईओएस के नए फेसलिफ्ट वेरिएंट में सेफ्टी फीचर्स को और भी बेहतर बनाया है इस कार के फ्रंट बंपर की ब्लैक ग्रिल, ट्राय-एरो शेप एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स से सजाया गया है। इसके अलावा इसमे



15 इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जो कि कार के साइड प्रोफाइल को बेहतर बनाते हैं, कार के पीछे की तरफ कंपनी ने स्पोर्टी एलईडी टेल-लाइट दी है। इस कार में इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम को बतौर स्टैंडर्ड दिया है, इसके अलावा टॉप मॉडल में 6 एयरबेग, हिड होल्ड असिस्ट, ऑटोमैटिक हेडलैंप और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, क्रूज कंट्रोल, व्हिकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंटजैसे फीचर्स मिलते हैं। लॉचिंग के मौके पर बिंदल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल, हनुमान प्रसाद बिंदल,और राजकुमार बिंदल की ओर से महा प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने जानकारी दी की हुंडई ने वाजिव दाम में फिर से एक बहुत अच्छी गाड़ी दी है जिसकी कीमत 5,68,500 रूपये से शुरू होती है। कार के लॉच के मौके पर बिंदल हुंडई के महा प्रबंधक राजीव अग्रवाल, सुरेश गुसाई, अंकित गुप्ता, अमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी एवम शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# नशामुक्ति केन्द्र हवालबाग के भवन का सुदृढ़ीकरण और स्टाफ बढ़ाने के निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नशा मुक्ति केंद्र हवालबाग में जिलाधिकारी वंदना एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी प्रदीप कुमार राय द्वारा एनकॉर्ड की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान बैठक में नशामुक्ति केन्द्र हवालबाग के भवन के सुदृढ़ीकरण और स्टाफ को बढ़ाने तथा यहां भर्ती युवाओं को और अधिक व्यवस्था तथा सामाजिकता से जोड़ने पर निर्णय लिया गया। नशा मुक्ति अभियान के तहत जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सौ से अधिक चयनित स्कूलों पर कार्यक्रम संचालन हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को नशा से ग्रस्त क्षेत्रों में अधिक से अधिक भ्रमण और कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने आयुष विभाग और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सको को रोस्टर बनाकर नशामुक्ति केन्द्र के संचालन करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय ने ष्आपरेशन निश्चयष के द्वारा पूरे अल्मोड़ा को नशा मुक्त करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक रखने की बात कही गई। यहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरसी पंत,मुख्य शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण, नशा मुक्ति केंद्र के समन्वयक डॉ अजीत तिवारी समेत अन्य उपस्थित रहे।



# कार्यशाला में बतायी मोटे अनाज की खूबियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कृषि विभाग के सौजन्य से अन्तराष्ट्रीय मिलेट्स (मोटा अनाज) वर्ष-2023 पर आधारित मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न कृषि उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक न्यूट्रीशन वैल्यू (पोषण मूल्य) वाले खाद्य फसलों का उत्पादन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय की आवश्यकता एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ऑर्गेनिक खेती की ओर भी आकर्षित होना चाहिए। सीडीओ ने किसानों से कहा कि कम से कम अपने परिवार के लिए ऑर्गेनिक रूप से मिलेट्स का उत्पादन अवश्य करें ताकि मिलेट्स उत्पादन से परिवार के स्वास्थ्य तथा वातावरण, मृदा की



उर्वरा शक्ति पर पड़ने वाले प्रभावों से भलि-भांति परिचित हो सकें। कार्यशाला में प्रोफेसर डॉ.अजय तथा डॉ.आरपी त्रिपाठी ने किसानों को गेहूँ, चावल, ज्वार, बाजरा, रागी, पिरोसो, फोक्सटेल आदि फसलों न्यूट्रीशन वैल्यू की तुलनात्मक जानकारी देने के साथ ही उत्पादन के विषय में भी तकनीकि जानकारियां दी।कार्यशाला में मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित कृषक गुरूदेव सिंह, राजनाथ सिंह, जय राम, मूलचन्द, जमुना प्रसाद, भगवान दास, सुखचौन सिंह, राम भरोसे, जगमोहन आदि उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने किया देव होम्स सोसाइटी के पदाधिकारियों का स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने अपने कार्यालय में देवहोम्स वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकारिणी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। देवहोम्स वेलफेयर सोसाइटी के नवनियुक्त अध्यक्ष मोर सिंह यादव, सचिव सचिन शर्मा, उपाध्यक्ष संध्या तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रशांत मोरे, उपसचिव धीरज गुप्ता आदि विगत सांय भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के कार्यालय पर पहुंचे जहां विकास शर्मा ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने दक्ष चौक से बगवाड़ा तक सड़क चौड़ीकरण और दक्ष एनक्लेव की बाउंड्री करवाने और कम्युनिटी सेंटर बनाने की मांग पर प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के समक्ष रखी। जिस पर श्री शर्मा ने शासन स्तर पर मामले को उठाने का आश्वासन दिया।





# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रात्रि गश्त के दौरान बनभूलपुरा थाना पुलिस ने आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक व्यक्ति को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूमते हुए एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जुनेद पुत्र वाहिद अली निवासी लाईन नम्बर 18 आजाद नगर बनभूलपुरा बताया।



पुलिस द्वारा उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बाबा श्याम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के आवास विकास वार्ड नं 6 में बाबा श्याम का भव्य सकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से सजाया गया। नगर के समाजसेवी छाबड़ा परिवार द्वारा बाबा श्याम खाटू वाले का भव्य सकीर्तन का आयोजन किया ।सकीर्तन में श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक भाई अमन साँवरिया सहित मुरादाबाद से बहन शिल्पी कौशिक व बाला जी मंडल के महंत जितेंद्र दुबे द्वारा मधुर भजनों का गुणगान किया गया। सकीर्तन का संचालक जय भवानी जागरण मंडल के अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा द्वारा किया गया। कीर्तन का शुभारंभ बाबा श्याम के सम्मुख ज्योत जलाकर जय भवानी जागरण मण्डल के महंत प0 राजन जी शर्मा द्वारा विधिवत पूजन कर किया गया। ततपश्चात श्याम जगत के सुप्रसिद्ध भजन पर वाहक अमन सांवरिया ने भजनों का सिलसिला जारी किया भजनों से मंत्रमुग्ध कर देने वाले अमन साँवरिया ने श्याम प्रेमियों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया वही नगर श्याममयी हो गया।उधर अखिल भारतीय श्याम परिवार के श्याम प्रेमियों द्वारा राधा रानी की रसोई के माध्यम से कड़ी चावल का प्रसाद वितरित किया।वही भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, रविन्द्र बजाज,लवली हुड़िया, सुरेश खुराना, चंकित हुड़िया, राकेश भुड्डी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बाबा श्याम के बाबा श्याम के चरणों मे अपनी हाजरी लगाई।सकीर्तन में श्री श्याम दास परिवार द्वारा बाबा के श्रृंगार की सेवा को सम्भाला। दरबार मे मुरादाबाद से आई भजन प्रवाहक शिल्पी कौशिक ने समा बांधते हुए भक्तो को श्याम चरणों से जोड़ने का कार्य किया साथ ही मधुर मधुर भजनों का गुणगान किया। श्री बाला जी मण्डल के महंत जितेंद्र दुबे द्वारा श्री श्याम कथा कर भक्तो को बाबा श्याम के सम्पूर्ण जीवन लीलाओं से अवगत कराते हुए हिंदुतव को मजबूत करने का कार्य किया साथ ही मधुर मधुर भजनों से बाबा प्रेमियों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया।। इस दौरान सोमनाथ छाबड़ा रमन छाबड़ा छाबड़ा अमित छाबड़ा शिवम छाबड़ा ईशान छाबड़ा किशन बावेजा प्रीत ढींगड़ा, अनिल मल्होत्रा,केशव ढींगड़ा, योगेश ढींगड़ा, वरुण मल्होत्रा, कपिल गंडा संजीव झाम,उत्कर्ष अरोरा अशोक भुसरी,राजन फुटेला,रोहित सुदामा, कपिल कामरा ,दीपक बेहड़, विशाल हुड़िया ,यशपाल गुंबर, सिंटू चावला ,राजू कालरा, बंटी छाबड़ा, करण कालड़ा,सन्दीप छाबड़ा, डॉ सोनू विश्वास,समन मुंजाल,अंकुश अनेजा,,साहिल नारंग,विजय अनेजा, सचिन गाबा,विशाल बत्रा,नितिन छाबड़ा, गोलू कालड़ा,मनी गुम्बर, सचिन बत्रा,आकाश कोचर, तुषार कोचर,वंश कोचर, अभिषेक कोचर, आकाश पोपली, चिराग नारंग, शिवम अरोरा, नमन अरोरा, वरुण कालड़ा, विक्की मुंजाल, केशव गुम्बर सहित हजारों की संख्या में मातृ शक्ति व श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।







## सबको समानता के आधार पर मिलेगा न्याय : जयेंद्र सिंह

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नुमाइशखेत मैदान पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीनियर सिविल जज जयेंद्र सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलापों की जानकारी दी। सिविल जज ने कहा कि देश का कोई भी नागरिक न्याय पाने से वंचित नहीं रहे। इसके लिए पूरे देश में विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब, असहाय, महिलाओं आदि को नि:शुल्क विधिक सहायता, साक्षरता प्रदान कर रहा है। उद्देश्य जनता को उनके अधिकारों से भिज्ञ कराने के साथ ही कानून के प्रति जागरूक करना है। विधिक सेवा प्राधिकरण वादों को वढ़ावा नहीं देता, बल्कि वादों का त्वरित निस्तारण करता है। उन्होंने नालसा एवं सालसा की योजनाएं की जानकारी दी। महिलाओं, बच्चों, बीपीएल, अनुजाति, अनुजनजाति के साथ ही अपराध से पीड़ित को सहायता, नि:शुल्क विधिक सेवा, आदि प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने लोगों से लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, शासकीय अधिवक्ता बसंत बल्लभ पाठक, अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय, चंद्र शेखर मिश्रा आदि उपस्थित थे।





## बागनाथ बूल्स ने जीता कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच

बागेश्वर।(महिपाल भरड़ा) उत्तरायणी मेले में मेले के साथ साथ विभिन्न प्रकार के खेलों की धूम है। खेल विभाग के तत्वावधान में नुमाईशखेत मैदान कबड्डी प्रतिगोगिता खेली गई। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मैच का शुभारंभ किया। सभी खलाड़ियों से खेतल भावना के साथ मैदान में पहुंचने की अपील की। उद्घाटन मैच कपकोट–बी व बागेश्वर बूल्स के बीच खेला गया, जिसमें कपकोट–बी ने बागेश्वर बूल्स पर 33–25 से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का दूसरा मैच कपकोट प्रथम व बागनाथ बूल्स के बीच



खेला गया, जिसमें बागेश्वर बूल्स ने 30–27 से विजय हासिल की। फाइनल मैच कपकोट द्वितीय व बागनाथ बूल्स के बीच खेला गया, जिसमें बागनाथ बूल्स ने 34–22 से विजय प्राप्त की। कबड्डी प्रतियोगिता मे चार टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर खेल अधिकारी सीएल वर्मा, भुबन कांडपाल, प्रायोजक मनोज कपकोटी,नरेंद्र खेतवाल, महेश खेतवाल, गोविंद मटियानी, संजय वर्मा, जयंत भाकुनी, रघुवर सिंह दफौटी आदि मौजूद थे। निर्णायक की भूमिका में गणेश धपोला व दर्शन कठायत ने निभाई।

## ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने विद्यालय में बांटी स्वेटर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वस्थ भारत परियोजना के अंतर्गत ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा आईसीडीएस विभाग की तरफ से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 35 छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। 32 विद्यालयों में खेल सामग्री व फर्स्ट एड बॉक्स वितरित की जाएगी। कार्यक्रम का राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पंतनगर में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा द्वारा उद्घघाटन किया गया। आईसीडीएस विभाग के साथ मिलकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अतिथि के रूप में सीडीओ विशाल मिश्रा, जिला परियोजना अधिकारी उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आईसीडीएस विभाग की तरफ से 35 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई और ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए खेल की सामग्री जैसे नेट, शटल कॉक वॉलीबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, इसके अलावा फर्स्ट एड बॉक्स जिसमें गरम पट्टी, कॉटन, बेडेड, बीटाडीन लिक्विड, कैंची, पट्टी, सेनेटरी नैपकिन आदि चीजें वितरित की। उसके पश्चात ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना द्वारा विद्यार्थियों को खेल के कई लाभ बताते हुए कहा कि शारीरिक और मानसिक वृद्धि के लिए खेल बहुत जरूरी है। खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है, मांसपेशियां मजबूत रहती हैं, लंबाई में वृद्धि होती है, इम्यूनिटी बढ़ती है। खेल के साथ ही हमारे लिए पौष्टिक और संतुलित आहार भी उतना ही जरूरी है। उसके पश्चात सीडीओ विशाल मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के कार्य को काफी सराहा व उनके कार्य की प्रशंसा की। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सायस्ता जमाल अंसारी ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया व उनके कार्य को अपने विद्यालय में लाभकारी बताया।




## बहुद्देशीय शिविर का आयोजन कल

रूद्रपुर/जसपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में नालसा (नशा पीड़ितों एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2005 के क्रियान्वन हेतु 22 जनवरी को प्रात: 11 बजे से सांय 3 बजे तक बीएसवी इण्टर कॉलेज, जसपुर में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भी उपस्थित रहेंगे। नशे से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उनसे दूर रहने की जानकारी देते हुए लोगों को नशे कि खिलाफ जागरूक करने के साथ ही विधिक जानकारी दी जाएंगी। इसके अलावा बहुद्देशीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, हौम्योपैथिक विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग, डेयरी विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल निगम, डी0आर0डी0ए0, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग एवं राजस्व विभाग आदि विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जिसमें उक्त सभी विभाग अपना–अपना स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे।

## ‘दान करें खुशियां बांटे’ अभियान में आरएएन स्कूल ने भी दिया योगदान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा की पहल पर शहर में शुरू किये गये ‘दान करें खुशियां बांटे’ अभियान में आरएएन स्कूल परिवार ने भी सहयोग करते हुए जरूरतमंद बच्चों के लिए कपड़े और पुस्तकें भेंट की। बता दें मेयर रामपाल और एमएनए विशाल मिश्रा के प्रयासों से शुरू हुए इस अभियान का शुभारम्भ पिछले दिनों जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने अपने कार्यालय में स्वयं पुस्तकें और कपड़े दान करके किया था। इस अभियान में धीरे धीरे लोग स्वत: जुड़ते जा रहे हैं। अिभयान के तहत लोगों से पुराने पहनने ओढ़ने बिछाने योग्य कपड़े, किताबें आदि एकत्र कर जरूरतमंदों को वितरित की जा रही हैं। इस अभियान के तहत नगर निगम ने पुराने कपड़े और किताबें एकत्र करने के लिए नगर निगम, विकास भवन, जिला पंचायत, शिक्षा विभाग, जिला अस्पताल, सीएमओ कार्यालय, आरटीओ कार्यालय, कलेक्ट्रेट, एसएसपी आफिस, खंड विकास कार्यालय में बॉक्स रखे गये हैं। अभियान में आज आरएएन पब्लिक स्कूल ने भी सहयोग देते हुए कपड़े और किताबें भेंट की। विद्यालय प्रबंधन ने अभियान में सहयोग के लिए विद्यालय के बच्चों से किताबें और पुराने कपड़े एकत्र किये थे। जिन्हें आज नगर निगम पहुंचकर मेयर रामपाल सिंह को भेंट किया गया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने आरएएन स्कूल के प्रबंधक मोहित राय को शाल पहनाकर एवं प्रधानाचार्य भावना भनोट को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दान करें खुशियां बांटे अभियान उन जरूरतमंद लोगों के लिए शुरू किया गया है जो गरीबी में जीवन व्यतीत कर रहे हैं और अपने स्वाभिमान के कारण किसी के सामने हाथ नहीं फैलाते। मेयर ने कहा कि दान की गयी किताबें जरूरतमंद बच्चों का भविष्य संवार सकती हैं। उन्होंने शहरवासियों से इस अभियान में अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, अजय बंसल विद्यालय आर ए एन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मोहित राय,प्रधानाचार्य भावना भनोट, जमाल आरा, रोहित पुनेठा, अंशु श्रीवास्तव,भाजपा नेता उत्तम दत्ता सहित स्कूल के बच्चे भी मौजूद रहे।





उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# स्कूलों में पेयजल और शौचालय की सुविधा

आजादी के सात दशक बाद भी अगर देश में बहुत सारे स्कूल पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव और उससे उपजी समस्या का सामना कर रहे हों, तो शिक्षा की सूरत का अंदाजा लगाया जा सकता है। हर अध्ययन रिपोर्ट में इस समस्या को स्कूली शिक्षा में सुधार की सबसे प्राथमिक जरूरत के तौर पर दर्ज किया जाता रहा है। हालांकि शिक्षा की तस्वीर बेहतर बनाने का मकसद हमेशा ही घोषित तौर पर सभी सरकारों की कार्यसूची में सबसे ऊपर ही रहा है। मगर हकीकत यह है कि दशकों से यह एक तरह से आश्वासन ही बना हुआ है। गौरतलब है कि शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2022 में फिर यह उजागर हुआ है कि देश के करीब एक चौथाई स्कूलों में आज भी पीने के पानी की सुविधा नहीं है। इसके अलावा, लगभग इतने ही यानी एक चौथाई स्कूलों में विद्यार्थियों को शौचालय की सुविधा हासिल नहीं है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के अधिकार से जुड़े स्कूली मानकों में अगर अपेक्षित के बजाय मामूली सुधार दर्ज किया गया है तो यह कोई हैरानी की बात नहीं है। सवाल है कि आए दिन देश की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक आयाम देने के वादे आखिर किस बुनियाद पर पूरे किए जाएंगे! स्कूली शिक्षा को लेकर हुए अब तक के तमाम अध्ययनों यही बताया गया कि स्कूलों में शौचालय और पेजयल जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के रहते पढ़ाई-लिखाई का बेहतर माहौल बन पाना मुमकिन नहीं है। यह कल्पना भी तकलीफदेह है कि जिन स्कूलों में पेयजल और शौचालय की सुविधा नहीं है, वहां बच्चों को प्यास लगने या लघुशंका आदि की जरूरत पड़ने पर किस तरह की परिस्थितियों से गुजरना पड़ता होगा। खासकर लड़कियों के सामने कैसी समस्या खड़ी होती होगी। एएसईआर की ताजा रिपोर्ट में यह भी दर्ज है कि करीब ग्यारह फीसद स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है। ऐसे आकलन पहले भी आ चुके हैं कि स्कूली शिक्षा के दौरान लड़कियों के बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के पीछे खासतौर पर स्कूल में शौचालय और पेयजल का अभाव एक बड़ा कारक रहा है। यह तथ्य है कि इस तरह के अभावों की कड़ियां एक-दूसरे से जुड़ी होती हैं और सब मिल कर किसी समस्या को ज्यादा जटिल बनाती हैं। पीने का पानी और शौचालय न केवल स्कूलों, बल्कि हर जगह के लिए एक प्राथमिक जरूरत है। इसके अभाव में पढ़ाई-लिखाई तो दूर, कोई भी देर तक किया जाने वाला काम सहज तरीके से संभव नहीं है। इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी के बढ़ते दखल और उस पर निर्भरता के दौर में अगर देश भर के सत्तहत्तर फीसद से ज्यादा स्कूलों में बच्चों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं, तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी तादाद में स्कूली पढ़ाई-लिखाई का हासिल क्या हो रहा होगा! यह समझना मुश्किल है कि अन्य मामलों में ढांचागत विकास पर बेहिसाब खर्च करते हुए सरकार को स्कूलों में जरूरी सुविधाओं को पूरा करना प्राथमिक क्यों नहीं लगता है। यह कहने की जरूरत नहीं कि अगर देश में शिक्षा की सरकारी व्यवस्था इतनी व्यापक और चिंताजनक खामियों से गुजर रही है, तो ऐसे में कैसा भविष्य बनने वाला है! फिर जिस शिक्षा का अधिकार कानून के भरोसे हम इस क्षेत्र की सूरत संवारने की कल्पना करते हैं, वह मकसद कहां तक हासिल किया जा सकेगा।

# इच्छा मृत्युः सम्मान से मरने का अधिकार

## संदर्भः इच्छा मृत्यु के नियमों में सुधार को तैयार हुआ सर्वोच्च न्यायालय

निष्क्रिय इच्छा-मृत्यु को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाने के चार साल बाद 2018 में दिए निर्देशों में संशोधन करने पर सहमति जताई है। न्यायालय ने कहा है कि जो लोग गंभीर रूप से बीमार है और लिविंग विल (इच्छा-पत्र) बना चुके हैं, उनको सम्मान के साथ मरने का अधिकार है। उन्हें कानूनी पेंच में नहीं फंसाना चाहिए और चिकित्सा विशेषज्ञ को भी ऐसे मामले संज्ञान में लेना चाहिए। अतएव न्यायालय का निष्कर्ष है कि अगर कोई व्यक्ति अपना उपचार बंद कराना चाहता है तो उसे अनुमति देने का भी नियम होना चाहिए। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस निर्णय में मृत्यु के अधिकार को भी मौलिक अधिकार माना है। दरअसल मौजूदा दिशा-निर्देश जटिल है, इसलिए इन्हें सरल बनाने की जरूरत है, लेकिन सावधानी भी बरतनी होगी कि कहीं इनका दुरुपयोग न हो। लिविंग विल के मायने जीवित होने का दस्तावेज या वसीयत है। इसके जरिए मरणासन्न वयक्ति अपनी इच्छा जताता है। इच्छा-मृत्यु की इजाजत देने पर दुनिया में बरसों से विचार-विमार्श चल रहा हैं। भारत भी इस बहस में शामिल है। हमारी सर्वोच्च न्यायालय ने इस परिप्रेक्ष्य में एक ऐतिहासिक फैसले में इस तथ्य को मान्यता दी है कि असाध्य रोग से ग्रस्त रोगी इच्छा-पत्र (वसियत) लिख सकता है। न्यायालय का यह फैसला चिकित्सकों को लाइलाज मरीजों के जीवन रक्षक उपकरण हटाने की अनुमति देता है। अदालत ने कहा है कि जीने की इच्छा नहीं रखने वाले व्यक्ति को निष्क्रिय या मूच्छिर्त अवस्था में शारीरिक पीड़ा सहने नहीं देना चाहिए। अग्रिम इच्छा-पत्र लिखने की यह अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है। इसमें उल्लेख है कि जब तक संसद से इस सिलसिले में कानून नहीं बन जाता तब तक फैसले में दिए दिशा-निर्देश प्रभावी रहेंगे। कौन किस तरह से इच्छा-पत्र लिख सकता है और किस आधार पर मेडिकल बोर्ड इच्छा-मृत्यु के लिए सहमति दे सकता है, इनके आधार बिंदू फैसले में दिए गए हैं। संविधान पीठ ने गैर-सरकारी संगठन, कॉमन कॉज की जनहित याचिका पर यह फैसला सुनाया था। याचिका में मांग की गई थी कि असाध्य रोगों से ग्रस्त रोगियों को शारीरिक कष्टों से मुक्ति दिलाने और मृत्यु का वरण करने के लिए जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने का अधिकार दिया जाए। इस फैसले के बाद रोगी के रिश्तेदार और मित्रों को वसियत के निष्पादन का अधिकार मिल गया है। इस वसियत के लिखे जाने के बाद मेडिकल बोर्ड रोगी को प्राणवायु देने वाले उपकरणों को हटाने पर विचार कर सकता है। हालांकि कुछ चिकित्सा वैज्ञानिक, मनवाधिकार और सामाजिक संगठन आज भी इच्छामृत्यु के विरुद्ध हैं। इच्छामृत्यु की हमें पहली जानकारी भीष्म पितामह द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार मौत का वरण करने की मिलती है। जैन धर्म में ऋषि-मुनी संथरा के जरिए स्वेच्छा से मृत्यु का वरण करते हैं। जब कोई व्यक्ति गंभीर बीमारी या दुर्घटना के चलते ऐसी नीम-बेहोशी की हालत में आ जाए कि उसकी स्मृति का लोप होने साथ खाने-पीने व दिनचर्याओं से निवृति की शक्ति का क्षरण हो जाए और वह अपने अस्तित्व का बोध भी न कर पाए तो कष्टों से मुक्ति के लिए मौत जरूरी लगने लग जाती है। ऐसी हालात में रोगी को जीवन रक्षक प्रणाली पर टिकाए रखना उसे यातना देने की तरह है। उसके इस कष्टदायी जीवन से परिजन और शुभचिंतक भी अप्रत्यक्ष रूप से यातना ही भोगते है। परिजनों को आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है। भारत में यह मुद्दा तब देशभर में विचार व बहस का विषय बना था, जब मुंबई की नर्स अरुणा शानबाग की दयामृत्यु के लिए शीर्ष न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। बलात्कार और हत्या की दुष्टता के चलते कोमा में पहुंची अरुणा ने 42 साल तक जीवन रक्षक प्रणाली पर टिके रहने की यातना भोगी। अरुणा को सामान्य अवस्था में लाने की जब सभी चिकित्सा कोशिशें व्यर्थ हो गई, तब अदालत में उन्हें इच्छा मृत्यु देने की याचिका लगाई गई थी। किंतु तब अदालत ने इसे उचित नहीं ठहराया था। 2011 में सर्वोच्च न्यायालय में इस आशय की अर्जी भी लगाई थी की अरुणा का इलाज संभव नहीं है, लिहाजा उसे जीवन रक्षक प्रणाली से मुक्त करने की इजाजत दी जाए। जिससे उसे, अंतहीन कष्टों से छुटकारा मिले। लेकिन इच्छामृत्यु वैध है या अवैध इसके अंतिम निष्कर्ष पर अदालत नहीं पहुंच पाई। लिहाजा उसने निष्क्रिय अवस्था में पड़े व्यक्ति की जीवन रक्षा प्रणाली हटाकर उसे मौत का वरण करने की प्रक्रिया को कानूनी मान्यता देने का सवाल उठाते हुए सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करके सलाह मांगी। तब के प्रधान न्यायमूर्ती आरएस लोढ़ा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय खंडपीठ ने इच्छामृत्यु पर विचार आमंत्रित करने के पक्ष में तर्क दिया था कि यह मसला संविधान ही नहीं बल्कि नैतिकता, धर्म और चिकित्सा विज्ञान से भी जुड़ा है, इसिलए इसे विचारना जरूरी है। इसके उलट केंद्र सरकार कहती रही कि यह एक तरह की अत्महत्या है, जिसकी अनुमति भारत में नहीं दी जा सकती, क्योंकि इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दे दी गई तो इसका दुरुपयोग हो सकता है ? इसके जवाब में संविधान पीठ का तर्क था कि इसका दृरुपयोग रोकने के लिए सुरक्षा के उपाय होने चाहिए। लिहाजा अदालत ने याचिकाकर्ता पिंकी से जानना चाहा था कि 'जीवन का अंत करने के लिए सबसे कम पीड़ादायी तरीका कौन सा हो सकता है ? क्योंकि दुनिया भर में इस पर बहस हो रही है, किंतु इस परिप्रेक्ष्य में किसी अंतिम निष्कर्ष पर आमराय नहीं बन सकी है। गोया, अदालत ने कहा था कि 'कानून का दुरूपयोग इच्छामृत्यु को कानूनी दर्जा नहीं देने का आधार नहीं हो सकता है।' विधि आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता के विचार का विरोध किया था। अरुणा से जूड़ी याचिका पर ही सुनवाई करते हुए तबके न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू की अध्यक्षता वाली पीठ ने इच्छामृत्यु को गैरकानूनी करार देते हुए निरस्त कर दिया था। अदालत ने अपने फैसले में दलील दी थी कि असामान्य परिस्थितियों में निष्क्रिय व्यक्ति को इच्छामृत्यु की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन जब तक संसद इस बारे में कोई कानून नहीं बनाती, तब तक निष्क्रिय और सक्रिय दोनों प्रकार की इच्छामृत्यु को अवैधानिक ही माना जाएगा। धर्म, संस्कृति, परंपरा, दर्शन और नैतिकता से जुड़ा यह मुद्दा निसंदेह जटिल था, इसलिए इस पर एक राय बनना मुश्किल थी। संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन को गरिमापूर्ण जीने का अधिकार तो देता है, लेकिन उसमें गरिमापूर्ण मृत्यु के वरण का अधिकार शामिल नहीं है। इच्छामृत्यु के विवाद को अंतिम निराकरण तक पहुंचाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में जीवन रक्षा की ऐसी प्रणालियां विकसित हो चुकी हैं, जो जीवन और मृत्यु की कड़ी को अर्से तक उलझाए रखती हैं। चिकित्सा में निजीकरण ऐसे उपायों को और बढ़ावा दे रहा है। देश में यातायात से जुड़ी दुर्घटनाओं में ऐसे घयालों की संख्या लगातार बढ़ रही है,जो दशकों से कोमा में हैं। केवल जीवन रक्षा प्रणाली के जरिए एक हद तक उनमें प्राणवायु का संचार बना रहता है। मूर्च्छित अवस्था वाले ऐसे रोगियों के उपचार से परिजन या तो कंगाल हो रहे हैं या फिर मरीजों को अस्पताल में ही छोड़ देने की बेरहमी दिखाने को विवश हो रहे हैं, क्योंकि उपचार की ऐसी दीर्घ अवधि में उन्हें आजीविका के संसाधनों को नियमित बनाए रखने में भी अनेक कठिनईयों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल दुनिया में स्विट्जरलैंड एकमात्र ऐसा देश है, जहां कुछ शर्तें पूरी कर लेने के बाद इच्छामृत्यु की अनुमति दे दी जाती है। भारत में इच्छामृत्यु की वसियत की सुविधा इसी कड़ी का एक हिस्सा कही जा सकती है।

**-प्रमोद भार्गव लेखक/पत्रकार**

# तपस्वी की तपस्या कभी समाप्त नहीं होती

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने राहुल गांधी को भेंट की घुघुते की माला








देहरादून/हिमाचल(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने भारत जोड़ो यात्रा में प्रतिभाग कर इंदौरा, हिमाचल में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारत यात्री श्री राहुल गांधी को उत्तरायण (घुघुतिया) त्यौहार की घुघुते की माला भेंट की है। यह बहुत शुभ मानी जाती हैं। एआईसीसी के वरष्ठि सदस्य हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करते हुए भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की चुनौतीपूर्ण पदयात्रा पर अपनी भाावपूर्ण प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जब कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा केरल में प्रवेश की राहुल गांधी के शेड्यूल को देखकर प्रातः 04:00 बजे उठना और 06:00 बजे झंडारोहण कर यात्रा पर निकल पड़ना, दोपहर को अल्प विश्राम के बाद फिर पदयात्रा पर निकल पड़ना और अपने राजनीतिक दायित्वों को भी पूरा करना, साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को भी पूरा करना, यह अपने आप में मुझे एक तपस्या पूर्ण दिनचर्या लगी। तब मैंने कहा कि यह एक तपस्या है। ज्यों-ज्यों ठंड की ओर यात्रा बड़ी और राहुल जी का जो नियमित, संयमित व्यवहार है, उस व्यवहार ने यह सिद्ध कर दिया कि न केवल भारत जोड़ो यात्रा, राहुल जी की एक तपस्या है बल्कि वह स्वयं एक तपस्वी भी हैं और अब तपस्वी की तपस्या का पहला चरण क्योंकि तपस्वी की तपस्या कभी समाप्त नहीं होती है, क्योंकि वह अनवरत जारी रहती है। आगे का कौन सा चरण होगा यह तो तपस्वी स्वयं निर्धारित करेंगे। मगर पहले चरण की भारत जोड़ो यात्रा, अपने संपूर्ण लक्ष्यों को पूर्ण करती हुई अब अंतिम चरण में है। 30 जनवरी को गांधी जी के बलिदान दिवस पर, महान दिवस पर हरे राम का संदेश देने वाले विश्व शांति, अहिंसा, सहिष्णुता के प्रतीक, गांधी जी के निर्वाण दिवस पर श्रीनगर में समाप्त होगी। कल सायं हिमाचल में और रात को पठानकोट में यात्रा के पड़ाव में मैंने जिन-जिन मूर्धन्य लोगों से भेंट की, जिनमें ऐसे भी लोग थे जो देश के सामाजिक सोच को दिशा देने वाले लोग हैं, तो उन ऐसे लोगों की जो कांग्रेस से बाहर के लोग हैं उनकी उपस्थिति देखकर मुझे सुखद आश्चर्य हुआ और मैंने जब दूसरे भारत जोड़ो यात्रियों से पता किया तो उन्होंने लंबी फेहरिस्त बताई, इसका अर्थ है देश के बुद्धिजीवियों ने, देश की सोच रखने वाले सामाजिक संस्कारों से ओतप्रोत लोगों ने, राजनीति से परे भी भारत के भविष्य को देखने वाले लोगों ने भारत जोड़ो के संदेश को हृदयंगम कर लिया है। धन्य है राहुल गांधी जी आपकी सोच व तपस्या को। भारत जोड़ो-भारत जोड़ो।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# परिवर्तनशील संसार में पतझड़ के बाद बसंत भी आता है: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संसार परिवर्तनशील है यहां सब कुछ बदलता है सुख- दुख, हानि- लाभ, यश- अपयश, अनुकूलता और प्रतिकूलता का दौर चलता रहता है। जीवन में यदि पतझड़ आया है तो घबराओ मत एक दिन बसंत भी आएगा और जीवन के दुखों क्लेशों व परेशानियों का बस अंत भी हो जाएगा। उन्होंने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प की शक्ति अपरिमित है। संकल्प कालजयी है संकल्प की गति अबाध है। जहां संकल्प है वहां कुछ भी असंभव नहीं है। पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की अभेद शक्ति भी मनुष्य के संकल्प को रोक नहीं सकी ओर व्यक्ति चन्द्रमा तक पहुंच गया। सागर की अथाह गहराई हो या एवरेस्ट का उच्चतम शिखर संकल्प के आगे छोटा पड़ गया। संकल्प मनुष्य की आन्तरिक शक्तियों का सामूहिक निश्चय है। एक बार अगर ये शक्ति जग जाए तो सृष्टि की पूरी ताकत भी इसे परास्त नही कर सकती। उन्होंने कहा कि धार्मिक कथाएं, पौराणिक गाथाऐं, ऐतिहासिक



घटनाएं सभी एक स्वर में संकल्प शक्ति रूपी इस महाशक्ति की क्षमता को प्रभावित करते हैं। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का प्रारंभ संकल्प मंत्र से ही होता है। अर्थात मनोवांछित इच्छा प्राप्त करने के लिए शुभ कार्य का आरंभ एक शुभ संकल्प से ही होता है। संकल्प शक्ति का यदि संधि विच्छेद किया जाए तो स्वयं +कल्प होता है कल्प यानि कितने युग बितने के बाद कल्प आता है। यह बता रहा है कि मनुष्य किसी कार्य को असंभव इसलिए कहता है क्योंकि उसे लगता है कि यह कार्य उसके जीवन में पूरा नहीं हो सकेगा। गहराई से विचार करे तो समय की सीमा उसकी सामर्थ्य और शक्ति को तोड़ देती है लेकिन परिभाषा के अनुसार देखें व चेतना में भरे तो यह हमारी सोई हुई शक्तियों को जगाकर किसी कार्य को भी असंभव न मानते हुये पूरा करने की प्रेरणा देगा। आवश्यक नहीं है कि कर्म करने वाले को फल उसे उस जीवन में ही मिल जाए। हो सकता है कि उस संकल्प को पूर्ण होने में अर्थात लक्ष्य प्राप्ति में कई पीढ़ियां भी गुजर सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों ने हमें मात्र संकल्प नहीं 'तनमे मन: शिव संकल्पमस्तु' के आधार पर शिव अर्थात कल्याण कारी, सुंदर व सत्य संकल्प करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सबसे महान व्यक्ति वह है जो दृढतम निश्चय के साथ सत्य का अनुसरण करता है । जो व्यक्ति उघोग वीर है व कारे वाग्वीर व्यक्तियों पर अधिकार जमा लेता है, जिसे हमारा ह्रदय महान समझे वह महान है आत्मा का निर्णय सदा सही होता है । किसी का तिरस्कार ना करें, किसी को भी नुकीले व्यंग बाण ना चुभाये ऐसा कुछ ना बोलें जिससे किसी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे ,किसी का दिल दुखे या प्रेम एकता और सद्भाव नष्ट हो जाए, अशांति हो जाए कलह क्लेश या वैमनस्य पैदा हो जाये। हमारे हदय उदार व विशाल होने चाहिए। महाराज श्री के दर्शनार्थ काफी संख्या में भक्तजन पहुंचे।

# श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा करते हुए कथावाचक स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने कुन्ती द्वारा भगवान की स्तुति, पितामह भीष्म द्वारा दिव्य स्तुति, पांडवों का स्वर्गारोहण,परीक्षित जन्म एवं श्री शुकदेव



भगवान का आगमन का वर्णन बड़े ही सुंदर शब्दों में वर्णन किया। इस दौरान श्रोताओं की भारी भीड़ उपस्थित थी। कथा के मुख्य यजमान एवं सभा के उपाध्यक्ष अशोक पोपली द्वारा सपरिवार पूजा की गई एवं प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी हरीचंद मुरादिया के परिवार द्वारा की गयी। कथा के दौरान दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# कांग्रेसजनों ने किया दिलीप का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी का गत सायं मौहल्ला शिवनगर ट्रांजिट कैंप वार्ड 8 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा कैलाशहर सामान्य विधानसभा सीट हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त करने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि



इससे बंगाली समाज का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा त्रिपुरा में कांग्रेस ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। श्री अधिकारी ने स्वागत करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि देशवासी भाजपा की कथनी व करनी की असलियत पहचान चुके हैं। मोदी जादू अब बीते समय की बात हो चुकी है। देश में अनेक राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। दिलीप ने कहा जागरूक जनता भाजपा नेताओं के बहकावे में नहीं आयेगी। स्वागत करने वालों में रोबिन विश्वास, राज चक्रवर्ती, कला दास, पार्षद मोहन कुमार, उमा सरकार व महेश आचार्य आदि शामिल थे।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल और महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वन्दना द्वारा जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय में मरीजों को मुहैया करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त की। ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि यहॉ पर डयूटी करने वाले कर्मचारियों के नाम, मोबाईल नम्बर स्पष्ट व बड़े शब्दों में बोर्ड में चस्पा किये जाय।निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में रखे निष्प्रोज्य सामान को, बार-बार निर्देशित किये जाने के बाद भी नीलामी नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और मुख्य चिकित्साधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर निष्प्रोज्य सामान की नीलामी करना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि अल्ट्रा साउण्ड कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाय ताकि गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की असुविध



ा न हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंच, स्टूल आदि में रंगरोगन किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय की कैन्टीन का निरीक्षण किया और वहॉ पर मरीजों के लिये बनाये जा रहे भोजन की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक दिन मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की जानकारी मैन्यू चार्ट में लिखने के निर्देश दिये।इस दौरान जिलाधिकारी चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से भी मिली और दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मरीजों को ठण्ड से बचाने के लिये हीटर/ब्लॉवर आदि की व्यवस्था की जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रवेश द्वार पर पानी लिकेज को जल संस्थान से तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में जन्में नवजात शिशुओं की अच्छी देखभाल संबंधी जानकारी नवजात के परिजनों को अनिवार्य रूप से दी जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि अनावश्यक रूप से गर्भवती महिलाओं को रैफर न किया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार का समझौता न किया जाय। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर0सी0 पंत, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा0 प्रिति पंत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मल्ला महल में किये जा रहे कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वन्दना ने मल्ला महल में किये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि माह मार्च, 2023 तक जो कार्य अपूर्ण रह गये है उन्हें पूर्ण किया जाय। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय का कार्य 25 जनवरी से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग को निर्देश दिये कि जिन कार्यों के आगणन शासन को प्रेषित किये जाने है उन्हें तत्काल प्रेषित किया जाय। जिलाधिकारी ने इस दौरान पटाल, विद्युत, लकड़ी के कार्य सहित अन्य कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी कार्य मल्ला महल में किये जाने है उन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने इस दौरान बनाये जा रहे प्रवेश द्वारों को आकर्षित बनाये जाने के साथ ही प्रवेश द्वारों का डिजाइन भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि जिन भवनों का ध्वस्तीकरण किया जाना है उनका ध्वस्तीकरण जल्द से जल्द कर दिया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि जिस ठेकेदार द्वारा इसका कार्य किया जा रहा है उसे नोटिस जारी करते हुये अवशेष रह गये कार्यों को तय समय में पूर्ण किया जाय। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग संजय भारती सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**बृहभेषण पर गिरी गाज...**बृजभूषण बल्कि अन्य पदाधिकारी भी कुश्ती संघ के कार्य से दूर ही रहेंगे। तब तक यह समिति ही संघ का कामकाज देखेगी। इससे पहले, खेल मंत्री लगातार तीन दिनों से अपनी मांग पर अड़े पहलवानों को पांच घंटे की दूसरे दौर की बैठक के बाद मनाने में सफल रहे। शिकायतों के निवारण के आश्वासन पर पहलवानों ने धरना खत्म करने का फैसला किया। बैठक के बाद खेल मंत्री ठाकुर, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक समेत कई पहलवानों ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न, वित्तीय अनियमिता व प्रशासनिक लापरवाही समेत कई आरोप लगाए हैं। इससे पहले दिन में बृजभूषण ने इस्तीफा देने से इनकार करते हुए कहा था कि उन्होंने मुंह खोला तो सुनामी आ जाएगी। पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्री ने हमारी मांगों को सुना और उचित जांच का आश्वासन दिया। मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं और हमें उम्मीद है कि निष्पक्ष जांच होगी और सच सामने आएगा, इसलिए हम विरोध वापस ले रहे हैं। वहीं पहलवानों के शिकायती पत्र पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भी बैठक बुलाकर मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति बनाई है। यह समिति एथलीट कमीशन की अध्यक्ष एमसी मैरीकॉम के नेतृत्व में बनाई गई है। यह समिति बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करेगी।जांच समिति में मैरीकॉम के अलावा सहदेव यादव, अलकनंदा अशोक, तीरंदाज डोला बनर्जी, पहलवान योगेश्वर दत्त के अलावा वकील तलिश राय व श्लोक चंद्रा शामिल हैं। समिति पहलवानों से मिलकर आरोपों के साक्ष्यों पर बात करेगी। उधर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने आरोपों को मनगढ़ंत बताया। यौन शोषण के आरोपों पर कहा, सब झूठ बोल रहे हैं और लोग जान भी रहे हैं। मैंने मुंह खोला तो सुनामी आ जाएगी। इस्तीफे पर कहा कि मुझे इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा गया है। 24 घंटे में जवाब देने को कहा गया है। जवाब भेज दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं किसी की दया पर यहां नहीं बैठा हूं। मैं चुना हुआ अध्यक्ष हूं।

**नगरआयुक्त को मिली...**था। जांच करने पर लगभग 2 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन उसके पास से मिली। इस दौरान जब प्रतिबंधित मांगुर की बिक्री करने से मना करने एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग ना करने की बात कही गई तो मछली विक्रेता आपे से बाहर हो गया। उसने कहा कि यह तुम लोगों ने मेरा चालान किया तो मछली काटने वाली छूरी से धड़ तन से जुदा कर दिया जाएगा। इस दौरान मछली विक्रेता ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए निगम की टीम के साथ गाली गलौज भी की। घटना के वक्त नगर निगम की टीम में सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल, कर एवं राजस्व निरीक्षक अनुपमा, जितेंद्र कुमार, राशिद, राहुल पालते, सुनील शर्मा, विक्रांत यादव आदि शामिल रहे। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी मछली विक्रेता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

**नशेके ३०० इंजेक्शन..**आरोपी 2 मुकदमों में वांछित चल रहा था जिस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह यह इंजेक्शन कहां से लाया था और कौन-कौन उसके साथ शामिल थे मामले की जांच के बाद आरोपी के साथ शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास भी पुलिस कर रही है । सीओ ने बताया कि आरोपी द्वारा लंबे समय से यह काम किया जा रहा था तथा पुलिस को इसकी तलाश थी साथ ही उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**तमंचे की नोक...** हुयी है। मामले में वही विक्की भुसरी की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गये युवक का अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

**जम्म के नरवाल में दो..**कुमार और 35 वर्षीय राजेश कुमार शामिल है। गणतंत्र दिवस और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को देखते हुए जम्मू संभाग में सुरक्षा कड़ी की गई है। बताया जा रहा है कि नरवाल इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर के यार्ड नंबर सात और नौ पर धमाके हुए। पुलिस मौके पर खड़े सभी वाहनों को हटवा रही हैं। सुरक्षाबल यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कहीं और विस्फोटक तो नहीं है। लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की अपील की गई है।

**ईलाज के बहाने ..**आई थी। आरोपी ने उसे देख लिया और दुष्कर्म के उद्देश्य से घर ले जाने का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर युवती से मारपीट की। साथ ही जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। युवती ने तांत्रिक की करतूत अपने परिजनों से बताई। लेकिन परिजनों ने तांत्रिक के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय तांत्रिक की पुत्री से युवती के भाई का रिश्ता तय कर दिया। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया है।

**बाइक कार की भिड़ंत..** मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। वह अपने पीछे अपनी पत्नी और पांच साल के पुत्र और छह साल की पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा गायब

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर से स्कूल के लिए निकली एक नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री स्थानीय जीजीआईसी की छात्रा है। बीते 19 जनवरी को वह सुबह 9:00 बजे के लगभग घर से स्कूल के लिए निकली लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने जब इस बारे में गहनता से जांच पड़ताल की तो पता चला कि छात्रा स्कूल नहीं गई और ना ही स्कूल के बाद वह ट्यूशन क्लास में पहुंची। तमाम संभावित स्थानों पर तलाशी के बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर धारा 365 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikhoti +919690256666
Pilikhoti +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)